>

Title: Need to establish Zonal office of Railways in Ranchi, Jharkhand - Laid

श्री संजय सेठ (राँची): मैं सरकार का ध्यान अपने प्रदेश झारखण्ड की ओर दिलाना चाहता हूँ एवं यह अनुरोध करना चाहता हूँ कि दक्षिण तटीय रेलवे की तर्ज पर रांची में रेलवे का एक जोनल कार्यालय शीघ्र खोला जाए । झारखंड रेलवे को भाड़े के रूप में ही 20 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व देता है लेकिन इसका लाभ राज्य के लोगों को नहीं मिलता है । इस कारणवश झारखंड की राजधानी रांची में रेलवे का जोनल मुख्यालय होना ही चाहिए । यह तभी संभव है जब वर्तमान में दक्षिण पूर्व रेलवे के जोनल कार्यालय को कोलकाता से स्थानान्तरित कर रांची लाया जाए अथवा पूर्व मध्य रेलवे जोन के अन्तर्गत पड़ने वाले धनबाद रेल मंडल को रांची से जोड़कर रांची में एक नया रेलवे जोन का सृजन किया जाए । यदि यहां पर जोनल कार्यालय की स्थापना शीघ्र नहीं की गई तो झारखंड की जनता को इसकी प्रचुर खनिज सम्पदा का लाभ नहीं मिल सकेगा और वह हमेशा बिहार अथवा पश्चिम बंगाल द्वारा रिमोट से कंट्रोल किया जाता रहेगा । झारखण्ड बिहार राज्य से इस आधार पर अलग हुआ था कि उसका सर्वांगीण विकास हो । अब समय आ गया है कि झारखंड में बिहार और बगाल से इतर रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करें एवं वहां पर रोजगार की संभावनाएं पैदा करें । दीगर है कि झारखंड में सटे राज्यों छत्तीसगढ़ और ओडिशा में रेलवे के जोनल ऑफिस खोले गए हैं जिससे वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी बढ़ोत्तरी हुई है ।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि ओडिशा में नए खोले गए दक्षिण तटीय रेलवे की तर्ज पर झारखंड में रांची में शीघ्रातिशीघ्र रेलवे का एक अलग जोनल ऑफिस खोला जाए ।